तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]



4

स्कूली छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति, लोकनृत्य, नाट्य ने मोहा मन




## खबर संक्षेप

### समग्र शिक्षा में रिक्त पदों पर अनंतिम सूची जारी

**रायगढ़।** जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा रायगढ़ अंतर्गत स्पीच थेरेपिस्ट, हेल्पर आया एवं स्पेशल एजूकेटर के रिक्त पदों के लिए पात्र आवेदकों से गत दिवस आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण कर पात्रध्अपात्र सूची प्रकाशित करते हुए आवेदकों से 26 सितम्बर तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। स्पीच थेरेपिस्ट पद के लिए एक भी पात्र आवेदक नहीं मिलने के कारण, स्पीच थेरेपिस्ट पद के लिए योग्य पात्र उम्मीद्वार से 29 सितम्बर तक पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित अवधि में कोई भी आवेदन पत्र नहीं मिले, अतः अंतिम रूप से पात्र अपात्र सूची एवं पात्र आवेदकों के मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है। विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले के वेबसाईट में देखा जा सकता है। पात्र आवेदकों के मेरिट सूची से मेरिट क्रम से दस्तावेज सत्यापन के लिए जिला परियोजना कार्यालय बुलाया जाएगा जिसकी सूचना संबंधित आवेदक को अलग से दी जाएगी।

### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रायगढ़।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में 3 एवं 4 नवम्बर को दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दिशा-निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी डॉ.जयकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखंड स्तरीय महिला एवं पुरुष सुपरवाइजरों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री मुक्त टीबी पंचायत अभियान के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने हेतु सुपरवाइजरों को विस्तृत जानकारी और व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायतवार निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध टीबी संदेहास्पद मामलों की पहचान एवं जांच के निर्देश दिए गए। साथ हीए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की अद्यतन प्रगति, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं फील्ड स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. जय कुमारी चौधरी ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब हम हर स्तर पर जागरूकता, जांच और समय पर उपचार सुनिश्चित करें।

### ई.ऑफिस के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में ई.ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल, नोडल अधिकारीए मास्टर ट्रेनर्स सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रशिक्षण के दौरान ई.ऑफिस के संचालन संबंधी सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों को ई.फाइल निर्माण, फाइल अग्रेषण, इनबॉक्स प्रबंधन, नई ड्राफ्ट फाइल तैयार करने, मसौदे की स्वीकृति एवं प्रेषण, फाइल क्लोजिंग, फाइल रसीद जोड़ने एवं संलग्न करने जैसी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया। साथ ही स्पैरो पोर्टल के माध्यम से वार्षिक कार्य निष्पादन प्रतिवेदन, गोपनीय प्रतिवेदन एवं अचल संपत्ति विवरण भरने की प्रक्रिया भी समझाई गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती बंसल ने कहा कि शासन की मंशा सभी विभागों में कार्यप्रणाली को पूर्णतः डिजिटल और पारदर्शी बनाना है। ई.ऑफिस प्रणाली से न केवल कागज रहित कार्य को बढ़ावा मिलेगा बल्कि निर्णय प्रक्रिया भी अधिक त्वरित और प्रभावी होगी। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और किसी भी शंका का समाधान वहीं पर करने का आग्रह किया।

### लाइन क्लीयर नहीं होने से रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों को कंट्रोल में लिया, परेशान होते रहे मुसाफिर

# बिलासपुर ट्रेन हादसा : कोतरलिया में साउथ बिहार तो रायगढ़ में घंटों खड़ी रही हीराकुंड व दुरंतो एक्सप्रेस





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर के पहले गतौरा के पास हुए ट्रेन हादसे का असर रायगढ़ में भी देखने को मिला। लाइन क्लीयर नहीं होने की वजह से रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों को अपने कंट्रोल में ले लिया। जिससे कोतरलिया स्टेशन में अप दिशा की ओर जाने वाली साउथ बिहार व रायगढ़ स्टेशन में हीराकुंड व दुरंतो एक्सप्रेस घंटों खड़ी रही। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दरअसल मंगलवार की शाम करीब 4 बजे बिलासपुर जिले में कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। हालांकि इसकी पुष्टि रेलवे की ओर से देर शाम तक नहीं की गई थी। इस हादसे में करीब दर्जन भर लोगों के घायल होने की जानकारी भी मिली है। घटना गतौरा स्टेशन के लाल खदान के पास हुई। इस घटना का असर झारसुगुड़ा-बिलासपुर रूट पर भी देखने को मिला। अप दिशा की ओर जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस के रायगढ़ पहुंचने का समय दोपहर 2 बजे है, लेकिन उक्त ट्रेन को 2 बजे से ही कोतरलिया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर रोक दिया गया। इसके अलावा विशाखापटनम से अमृतसर जाने वाली अप की हीराकुंड एक्सप्रेस को भी शाम 5 बजे से रायगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर रोक दिया गया। इतना ही नहीं हावड़ा से मुंबई जाने वाली दुरंतो एक्सप्रेस को भी शाम 6 बजे से रायगढ़ के प्लेटफार्म नंबर 2 पर रोक दिया गया था। वहीं नेता सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस को झारसुगुड़ा से कैंसल कर दिया गया।

### अपनों को ढूंढने इन हेल्प लाइन नंबर पर करें संपर्क

बिलासपुर रेलवे ने जिनके भी परिजन लापता हैं उन्हें ढूंढने में मदद करने के लिए हेप्ललाइन नंबर जारी किया है। जिसमें लोग कॉल कर अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बिलासपुर में 777857335, 7869953330, चांपा में 8085956528, रायगढ़ में 9752485600, पेंड्रा रोड में 8294730162 व कोरबा में 7869953330 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

> बिलासपुर में ट्रेन हादसे का असर रायगढ़ में भी देखने को मिला है। रेलवे से ट्रेनों के कैंसल का मैसेज तो नहीं आया है, लेकिन रूट क्लीयर नहीं होने से कुछ ट्रेनों को रायगढ़ में रोक कर रखा गया है।
>
> **एसएस महापात्रा**
> सटेशन मास्टर

### लाइन क्लीयर होने पर ट्रेनों को करेंगे रवाना

इस संबंध में रेलवे प्रशासन द्वारा कहा गया कि रायगढ़-बिलासपुर रूट पर लाइन क्लीयर नहीं होने के कारण ट्रेनों को कंट्रोल में लिया गया है। धीरे-धीरे लाइन क्लीयर होते जाएगा और ट्रेनों को रवाना किया जाएगा। क्योंकि जिस रूट में हादसा हुआ है उधर का दो लाइन फ्री है, जिसमें ट्रेनों का आवागमन जारी है। इसी वजह से रायगढ़-बिलासपुर रूट की ट्रेनों को रोका गया है। बताया जा रहा था कि रात 11 के बाद ही लाइन क्लीयर हो पाएगा।

### यात्री कर रहे थे टिकट कैंसल कराने की मांग

रायगढ़ रेलवे स्टेशन में घंटों तक ट्रेन में बैठे यात्री हलाकान और परेशान नजर आए। इस बीच कई यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। कुछ यात्री टिकट काउंटर में पहुंच कर टिकट कैंसल कराने की मांग करते हुए पूरा रिफंड मांगने लगे। जिस पर टिकट काउंटर के कर्मचारियों ने उनसे कहा कि टिकट तो कैंसल हो जाएगा, लेकिन पूरा रिफंड नहीं मिलेगा। क्योंकि ट्रेन कैंसल नहीं हुआ है, अगर ट्रेन कैंसल होता तो पूरा रिफंड किया जाता। जिससे कर्मचारियों और यात्रियों के बीच काफी बहस होती रही।



### कबाड़ से बना मशीन गन मॉडल और ई.रिक्शा बने आकर्षण का केंद्र

**रायगढ़।** मिनी स्टेडियम में चल रहे राज्य उत्सव में शहर के लोगों को इस बार कुछ अनोखा देखने को मिला। निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देश पर निगम की टीम द्वारा कबाड़ सामग्री से जुगाड़ कर तैयार की गई। एके.203 मशीन गन, तोप का मॉडल और ई.रिक्शा लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना है। इन अनोखे मॉडलों ने दर्शकों का ध्यान खूब खींचा और कार्यक्रम में मौजूद हर उम्र के लोग इनके साथ तस्वीरें खिंचवाते नजर आए। एके.203 और तोप के मॉडल को इतनी कुशलता से तैयार किया गया है कि देखने पर यह बिल्कुल असली जैसे लग रहे हैं। अंग्रेजों के जमाने के हथियारों की झलक पाकर लोग खासे रोमांचित हुए। वहीं कबाड़ से तैयार ई.रिक्शा ने भी तकनीकी जुगाड़ और रचनात्मकता का शानदार उदाहरण पेश किया गया है। राज्य उत्सव देखने पहुंचे दर्शकों ने इन मॉडलों की तारीफ करते हुए कहा कि यह न सिर्फ कला व कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और रीसाइक्लिंग का भी संदेश देता है। उत्साहित लोगों ने जमकर सेल्फी ली और इन अनोखे प्रदर्शनी की सभी ने खूब तारीफ की।

## खड़े ट्रक से टकरा कर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत खड़ी ट्रक से टकरा कर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नवापारा निवासी सुखसागर निषाद किसी काम से अपनी बाइक पर सवार होकर निकला था। रात करीब पौने 9 बजे वह वापस नवापारा लौट रहा था। इसी दौरान रायगढ़-घरघोड़ा मेन रोड पर बीएसएनएल ऑफिस के सामने एक ट्रक चालक ने बिना किसी चेतावनी या सिग्नल के ट्रक को खड़ी करके रखा था। अंधेरे में सुखसागर की बाइक ट्रक से जा टकराई, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना तुरंत उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि सुखसागर गंभीर हालत में पड़ा हुआ है और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घरघोड़ा ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सोमवार को उसकी हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे रायपुर रेफर किया। रायपुर ले जाने से पहले ही, जब उसे घरघोड़ा वापस लाया जा रहा था तब रास्ते में उसकी हालत और खराब हो गई। घरघोड़ा अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने सुखसागर को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के चाचा जुगलाल निषाद की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## डीसीएस में दर्जनों किसानों की बदल गई फसल सुधार की गारंटी भी नहीं, भटक रहे किसान

### महीने भर का मिलेगा सुधारने का समय, हर दिन पटवारियों के पास लगा रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस बार जो सर्वे हुआ वह किसानों के लिए आफत बन गया है। दर्जनों ऐसे किसान हैं जिनका फसल ही बदल गया है। कई किसानों का रकबा शून्य भी दिखा रहा है। खास बात यह है कि इसमें सुधार होगा या नहीं इसकी भी गारंटी नहीं है। हालांकि आवेदन के आधार पर सुधार होने का दावा अधिकारियों द्वारा की जा रही है, लेकिन रिपोर्ट शो नहीं होने की वजह से इसका पता भी नहीं चल पा रहा है। हालात यह है किसान सुधार के लिए पटवारियों के पास भटक रहे हैं। हर दिन दर्जनों आवेदन सुधार के लिए लग रहा है। हालांकि अभी एक महीने का समय सुधार के लिए मिलेगा। 15 नवंबर से धान खरीदी चालू हो जाएगी, लेकिन दर्जनों किसान ऐसे हैं जिनका रकबा या तो शून्य दिखा रहा है या धान के बदले कुछ अन्य फसल। ऐसे किसानों की चिंता बढ़ गई है। सुधार हो गया तब तो ठीक है, लेकिन नहीं हुआ तो मुसीबत बढ़ सकती है। इस बार गिरदावरी से लेकर डीसीएस (डिजिटल क्राप सर्वे) का माई बाप नहीं है। कुछ गांवों के कुछ रकबा में तो दोबारा सर्वे करने की नौबत भी आ सकती है। एक गांव में कई लोगों ने सर्वे किया है। इस बार डीसीएस का काम प्राइवेट लोगों को दिया गया था। प्राइवेट सर्वे करने वालों को प्रति खसरा 10 रुपए के मान से मानदेय दिया गया है। अब उनके द्वारा किए गए सर्वे किसानों के गले का फांस बन गया है। उनके द्वारा मोबाइल एप पर सर्वे किया गया है, लेकिन कई रकबा बदल गया है या दूसरे फसल की एंट्री हो गई है। यह अब किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

साफ्टवेयर में कुछ भी नहीं कर रहा शो, रिपोर्ट भी नहीं आ रही नजर



### 81 हजार 600 किसानों का पंजीयन

इस बार धान बिक्री के लिए जिले में 81 हजार 600 किसानों का पंजीयन हुआ है। यह एग्रीस्टेक का पंजीयन है। इतने किसानों का 1 लाख 26 हजार 331.43 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन हुआ है। बीते साल से कुछ रकबा का पंजीयन है, लेकिन अभी तक इसमें सुधार भी हो रहा है। जिन किसानों का रकबा शून्य या फसल बदल गया है उनका सुधार होने के बाद रकबा बढ़ेगा। ऐसे में सुधार के लिए तय किए गए आखिरी तारीख के बाद ही इसका पता चल सकता है।

### 1 लाख 17 हजार 137हेक्टेयर रकबा मान्य

जानकारी मिली है कि गिरदावरी में रकबा पंजीयन 1 लाख 26 हजार 331.43 हेक्टेयर का हुआ है, लेकिन गिरदावरी में मान्य केवल 1 लाख 17 हजार 137 हेक्टेयर को ही किया गया है। अब इसका निर्धारण किस आधार पर किया गया है इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। जानकारी मिली है कि अन्य फसल को भी धान एंट्री कर दिया गया है। इसके कारण 1 लाख 17 हजार 137 हेक्टेयर को ही मान्य किया गया है।

## अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रायगढ़ में महाधरना

**रायगढ़।** बीते दिनों अमित बघेल द्वारा अग्रवाल समाज के आराध्य महाराजा अग्रसेन जी पर दिए गए अमर्यादित बयान के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर अग्रवाल समाज आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर अग्रवाल समाज अब सड़क में उतर आया है। अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को रायगढ़ में अग्रवाल समाज ने गांधी प्रतिमा के पास महाधरना दिया। इस महाधरना को सिंधी समाज ने भी अपना पूरा समर्थन दिया और इस प्रदर्शन में शामिल हुए। महाधरना में शामिल होने के लिए व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें और प्रतिष्ठान तक बंद रखे। दरअसल अमित बघेल की गिरफ़्तारी की मांग को लेकर अग्रवाल समाज के लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। सराफा बाजार भी अग्रवाल समाज के समर्थन में पूरी तरह से बंद रहा। वहीं शहर के मुख्य बाजार में भी सन्नाटा छाया रहा। अग्रवाल और सिंधी समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी इस महाधरना के समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखी।



## ट्रेलर दिलाने के नाम पर 15 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ब्रोकर ने ट्रेलर वाहन दिलाने के नाम पर 15 लाख 85 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है। आरोपी ने पीड़ित से पैसे तो ले लिए, लेकिन न वाहन दिलाया और न ही विक्रेता को भुगतान किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

■ कोतवाली में एफआईआर दर्ज

दरअसल सारंगढ़ जिले के गुड़ीपारा निवासी सुशील प्रधान 32 वर्ष को ट्रेलर वाहन खरीदना था। गोरखा निवासी ब्रोकर राहुल यादव ने उसे फाइनेंस और खरीदी-विक्रय की डील कराने का भरोसा दिलाया। 23 जनवरी को श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के माध्यम से वाहन का फाइनेंस स्वीकृत हुआ। इसके बाद सुशील ने डाउन पेमेंट के रूप में 1.45 लाख रुपए फोन-पे से राहुल को दे दिए। जिसमें 13 जनवरी को 80 हजार और 9 फरवरी को 65 हजार रुपए का भुगतान शामिल था। फाइनेंस की रकम जारी होने के बाद राहुल यादव ने 24 जनवरी को बंधन बैंक रायगढ़ से 4.90 लाख रुपए आरटीजीएस से अपने खाते में ट्रांसफर कराए और 9.50 लाख रुपए का चेक भी अपने नाम पर लिया। पीड़ित के अनुसार कुल 15.85 लाख रुपए ब्रोकर को मिले, लेकिन उसने वाहन विक्रेता शाह कोल को एक भी रुपए नहीं दिया। इस कारण वाहन का स्वामित्व सुशील प्रधान के नाम पर स्थानांतरित नहीं हुआ और पिछले 9 महीनों से वाहन शकरा मोटर्स, बिलासपुर के सर्विस सेंटर में खड़ा है। पीड़ित को जब धोखाधड़ी का संदेह हुआ तो 24 जुलाई को ब्रोकर ने ई-स्टाम्प पेपर पर इकरारनामा और शपथ पत्र में एक महीने के भीतर मामला सुलझाने का लिखित वचन दिया था, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं किया गया। आखिरकार सुशील प्रधान ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। जहां पुलिस ने आरोपी राहुल यादव के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।


### नोटिस का अल्टीमेटम समाप्त होने के बाद भी नहीं विभाग नहीं ले रहा कोई एक्शन

# 23 लाख हड़पने वाले फर्जी स्कूल संचालक को बचा रहे डीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया में बिना स्कूल संचालन आरटीई में प्रवेश दिखाकर शासन को 23 लाख का चपत लगाने वाले फर्जी संचालक पर एफआईआर के बजाय डीईओ उसे बचने का मौका देने के लिए तारीख पर तारीख दे रहे हैं। जबकि उनके द्वारा जारी नोटिस में एक सप्ताह के भीतर स्कूल संचालक को गबन राशि शासन के खजाने में जमा करने निर्देशित किया गया था। मंगलवार को नोटिस का अल्टीमेटम खत्म होने के बाद भी अधिकारी ने एक्शन न लेकर आरोपी को फिर से दस्तावेज दिखाने का मौका दिया है।

दरअसल अशासकीय मदर इंडिया कान्वेंट स्कूल को ग्राम बड़े देवगांव में सन 2017-18 से संचालित होना बताकर सन-2020-2021 से आरटीई के तहत प्रतिपूर्ति राशि हासिल की जा रही थी। जबकि उक्त स्कूल वास्तव में सत्र 2020-21 से आज पर्यन्त कहीं भी संचालित नहीं है। विद्यालय का संचालक घनश्याम टंडन पिता रामायण दास टंडन तथा प्रधान पाठक श्रीमती शांति टंडन पति घनश्याम टंडन अड़भार, तहसील अड़भार, जिला सक्ति के निवासी हैं और फर्जी तरीके से विद्यालय संचालित कर रहें है। उनके विद्यालय में पिछले 5 वर्षों से कोई विद्यार्थी अध्ययनरत नहीं है फिर भी वो आरटीआई के तहत प्रवेशित छात्रों का शुल्क प्रतिपूर्ति राशि शासन से प्राप्त करते रहे। उक्त मामले में स्कूल की मान्यता तत्काल समाप्त करने की कार्रवाई करने तथा संचालक व प्रधान पाठक के विरूद्ध शासन से आरटीआई की गबन की राशि वसूली सहित दंडात्मक कार्रवाई करने बीईओ ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। इसके बाद भी डीईओ इस जांच रिपोर्ट को मानने को तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा था कि वो खुद मौके पर जाकर मामले की जांच करेंगे फिर आगे की कार्रवाई करेंगे, लेकिन वो मौके पर पहुंचे ही नहीं। जिससे उनकी कार्यशैली पर सवाल उठ रहा है।





हरिभूमि

5 सालों से चल रहा फर्जी स्कूल, बीईओ की जांच में मामले का हुआ खुलासा

न छात्र ना ही स्कूल, संचालक ने आरटीई में प्रवेश दिखाकर शासन को लगाया 23 लाख का चूना

### एक बार फिर दिए बचने का मौका

हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद इस मामले को संज्ञान में लिया गया था। वहीं दबाव बढ़ने पर 25 अक्टूबर को डीईओ ने स्कूल संचालक घनश्याम टंडन को एक नोटिस जारी किया। जिसमें कहा गया कि एक सप्ताह के भीतर संचालक द्वारा गबन की गई राशि 22 लाख 52 हजार 281 रुपए को शासन के खजाने में चालान द्वारा जमा किया जाए। वहीं इसके बाद डीईओ कार्यालय को अवगत कराया जाए। ऐसा नहीं होने पर संचालक के खिलाफ थाने में एफआईआर कराया जाएगा। 4 नवंबर को नोटिस का अल्टीमेटम समाप्त हो गया, लेकिन आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं अब डीईओ कह रहे हैं कि उसे अपना पक्ष रखने का एक बार फिर मौका दिया गया है।

### उसका पक्ष जानना भी जरूरी : डीईओ

इस संबंध में डीईओ केवी राव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नोटिस के अंतिम दिन मंगलवार को स्कूल संचालक डीईओ कार्यालय अभ्यावेदन देने आया था। उसका कहना था कि जांच गलत हुआ है। उसका पक्ष जानना भी जरूरी है, एकपक्षीय कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। ऐसे में मैनें उससे पूरा डॉक्यूमेंट मंगाया है, जिसका एक-एक चीज मैं खुद वेरीफाई करूंगा। जांच में उसकी गलती पाए जाने पर उसके खिलाफ एफआईआर कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के सफल संचालन हेतु जिले के सभी विकास खंड में 30 अक्टूबर से 3 नवंबर तक सभी बीएलओ, बीएलएम और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर द्वारा पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। बीएलओ की भूमिका इस कार्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन एवं अद्यतन करेंगे। मृत मतदाताओं की जानकारी, नए मतदाता जोड़ने और आवश्यक सुधार का कार्य पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जाना आवश्यक है ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम न छूटे। प्रशिक्षण के दौरान विशेष पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### लाठीकटा में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं, 83 शिकायतें दर्ज

**राउरकेला।** लाठीकटा ब्लॉक परिसर में आज जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त जन शिकायत सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र और पुलिस अधीक्षक नीतिन वाधवानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे तथा आम नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। सुनवाई के दौरान कुल 83 शिकायतें दर्ज की गईं जिनमें 23 व्यक्तिगत और 58 सामूहिक शिकायतें थीं। इनमें से दो शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया, जबकि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता हेतु दो आवेदन भी प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यपालक अधिकारी सुरंजन साहू, राउरकेला वन प्रभागीय अधिकारी यशवंत सेठी, पानपोष उपजिलाधिकारी विजय कुमार नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में जनपद पंचायतों और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री व्यास ने स्वच्छता अभियान से जुड़ी गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, सेग्रीगेशन शेड, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, तरल अपशिष्ट प्रबंधन और फीकल स्लज मैनेजमेंट की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समय पर और प्रभावी ढंग से पूरे किए जाएं।

### छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर हुआ भव्य आयोजन

# छत्तीसगढ़ ने हासिल की विकास की नई ऊंचाइयां : जायसवाल





रणजीता स्टेडियम में राज्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के गौरवशाली 25 वें वर्ष पूर्ण होने पर जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में राज्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने जिलेवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार राज्य को तीव्र गति से आगे बढ़ा रही है।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। कलेक्टर रोहित व्यास ने प्रतिवेदन के माध्यम से जिले में किए गए विकास कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि जिनकी



दूरदृष्टि से यह राज्य अस्तित्व में आया, आज वह उनके सपनों के अनुरूप प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। साथ ही उन्होंने स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव के छत्तीसगढ़ निर्माण में योगदान को भी याद किया।

### राज्य में तेजी से हो रहा उद्योगों का विकास

मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि राज्य निर्माण के समय जहां केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं अब छत्तीसगढ़ में 15वां मेडिकल कॉलेज जशपुर में स्थापित होने जा रहा है। जिसे अगले वर्ष से प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में तेजी से उद्योगों का विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के समय साढ़े सात लाख करोड़ रुपए के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। किसानों के लिए संवेदनशील सरकार उनके हित में 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में हर गांव में विद्यालय, प्रत्येक ब्लॉक में कॉलेज एवं तकनीकी शिक्षा के लिए आईटीआई संस्थानों की स्थापना की जा रही है। कृषि और उद्यानिकी को उन्नत बनाने के लिए हॉर्टिकल्चर कॉलेजों की स्थापना भी निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि डीएमएफ कोष के माध्यम से जिले के सर्वांगीण विकास के कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं की सशक्तिकरण हेतु महतारी वंदन योजना कारगर सिद्ध हो रही है।

### सभी वर्गों के विकास के लिए बनाई जा रही योजनाएं : रायमुनि

विधायक रायमुनी भगत ने राज्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर यहां के आदिवासियों, किसानों और आम नागरिकों के सपनों को साकार किया। उन्होंने कहा कि पहली विधानसभा बैठक राजकुमार कॉलेज के जशपुर हाल में हुई थी, जो जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आज सभी वर्गों के विकास हेतु योजनाएं बनाई जा रही हैं और उनका क्रियान्वयन तेज़ी से हो रहा है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक रायमुनी भगत, पद्मश्री जागेश्वर यादव, कृष्ण कुमार राय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, रायगढ़ जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, जिला पंचायत सदस्य शांति भगत, कलेक्टर रोहित व्यास, डीएफओ शशि कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, एसडीएम विश्वास राव मस्के, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, सुनील गुप्ता, उपेंद्र यादव, शारदा प्रधान सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## मंत्री ने बांस से निर्मित आभूषणों की प्रशंसा की

जिला मुख्यालय रणजीता स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव में वन विभाग का स्टॉल लगाया गया है। जिसमें स्वास्थ्य मंत्री ने वन विभाग के स्टॉल में बांस से निर्मित आभूषणों की प्रशंसा की। जशपुर जिले के वनों से प्राप्त वनौषधि के उपयोग से निर्मित च्यवनप्राश, कांचपाक, शहद आदि उत्पाद के स्टॉल लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त जशपुर वनमण्डल अंतर्गत जशक्राफ्ट ब्रांड के तहत वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राप्त सामग्री बांस, सवई घास के उपयोग से निर्मित झूमके, माला एवं अन्य आभूषण आदि विशेष तौर पर रखे गए हैं।



वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को बांस से निर्मित माला पहनाई। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने वन विभाग द्वारा किए गए नवाचार की प्रशंसा करते हुए इसे व्यापक स्तर बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया। जिससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्राप्त हो तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले। साथ ही हाथी मानव द्वंद को न्यूनतम करने हेतु की प्रारंभ की गई गजरथ को रखा गया है जो हाथी मानव द्वंद को न्यूनतम करने हेतु हाथी के गतिविधि एवं व्यवहार की जानकारी व जागरूकता का कार्य करते हुए अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

### शास्त्रीय नृत्य, बैंड की धुनों ने बांधा शमां

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव 2025 के तहत 3 नवंबर को रणजीता स्टेडियम में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कलाकारों और विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जहां मनीषा भगत द्वारा प्रस्तुत भरतनाट्यम और सरस्वती कला केंद्र की छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति कत्थक जैसे शास्त्रीय नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं स्वप्निल बैंड और संदीप शर्मा बैंड की मधुर धुनों ने ऐसा वातावरण बनाया कि पूरा स्टेडियम तालियों की गूंज और झूमते दर्शकों से भर गया।



**मलखंभ का शानदार प्रदर्शन**-कार्यक्रम में भारत की पारंपरिक खेल विधा मलखंभ का शानदार प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। वनवासी कल्याण आश्रम के विद्यार्थियों ने अपने सधे हुए शरीर सौष्ठव और लचीलेपन से दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। विद्यालय के 26 छात्रों ने दशरंग, फ्रंटकैच, बगली, तेड़ी, चतुराआसान, एकपाद शिरासन, बैटीकेच, पश्चिमात्सन, हाथ का फारा, पैर का फारा और पिरामिड जैसी कठिन विधाओं का प्रदर्शन कर वाहवाही लूटी।

### राज्योत्सव में स्टालों का किया अवलोकन

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम में विगत दिवस 3 नवंबर को रणजीता स्टेडियम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और लाभान्वित 90 हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया। समाज कल्याण विभाग के 8 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, मोटराईज्ड ट्राईसाकिल, प्रशस्त्रि पत्र एवं चेक राशि का वितरण किया गया। इसी प्रकार उद्यान विभाग के स्टॉल से 11 हितग्राहियों को एनएसएम योजना अंतर्गत धनिया बीज, राजत टमाटर, बैगन, श्रम विभाग स्टॉल से 5 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना एवं मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत सहायता राशि, पशु चिकित्सा एवं सेवाएं से 8 हितग्राहियों को कृत्रिम गर्भाधान अंतर्गत प्रोत्साहन राशि, मैत्री योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि एवं अनुदान पर सूकरत्रयी वितरण किया गया। कृषि विभाग से 20 हितग्राहियों को बीज और किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य विभाग से 11 हितग्राहियों को जाल, आईस बॉक्स, 10 वर्षीय ताला व जलाशय पट्टा आदेश, उद्योग विभाग से 1 हितग्राही को टेण्ट हाउस हेतु लोन, स्वास्थ्य विभाग से 4 हितग्राहियों को आयुष्मान व वय वंदना कार्ड, खेल विभाग से 5 हितग्राहियों को खेल सामग्री कैरम व क्रिकेट कीट, नगरपालिका जशपुर से 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री पी.एम. स्वनिधि योजना अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवसाय करने हेतु लोन अमाउंट का डमी चेक, महिला एवं बाल विकास विभाग से 6 हितग्राहियों को सुपोषण टोकरी वितरण किया गया।



# उसांप के बोइत बंदान उत्सव का अगाज, कलाकारों की रंगारंग और मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

उत्कल सांस्कृतिक परिषद उसांप की ओर से आयोजित 35वां बोइत बंदान उत्सव बड़े उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सुर राउतराय और सुंदरगढ़ जिलापाल डॉ. शुभंकर महापात्र उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था के ऐसे आयोजन पिछले 35 वर्षों से समाज के लिए प्रेरणादायक रहे हैं।

कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन अध्यक्ष, सचिव शंकर जेना, सलाहकार कपिलेश्वर महाराणा, कोषाध्यक्ष और मिनती देवता ने संस्था की उपलब्धियों पर अपने विचार रखे। संचालन मोनालिसा साहू, ज्योस्नारानी साहू और मोनालिसा गौड़ ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत डांस ग्रुप की कृपांशी कर, सुजाता राउत और विजय बारिक के निर्देशन में नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद नर्मदा डांस ग्रुप और सागर रिद्दिम ग्रुप ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से वातावरण को उत्सवमय बना दिया। ओडिसी नृत्यांगना वर्षा प्रियदर्शिनी कर और प्रसिद्ध गायिका नव्या की संयुक्त प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक रानी उर्मीला दास, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सिविल टाउनशिप गणेश पूजा समिति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।



# पारिवारिक विवाद में बेटा बना हैवान, मां की पिटाई से गई जान, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ममता के आंचल को शर्मसार करने वाली घटना ने सन्ना क्षेत्र के महुआ कापुटोली गांव को दहला दिया। मामूली पारिवारिक विवाद में बेटे ने अपनी ही मां पर जानलेवा हमला कर दिया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।



सन्ना क्षेत्र के महुआ कापुटोली गांव की घटना

पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महुआ कापुटोली निवासी सुंदर साय 21 वर्ष का घर में किसी बात को लेकर अपनी मां गेंदी बाई 60 वर्ष से विवाद हुआ। गुस्से में आकर बेटे ने मां को गालियां देते हुए लात-मुक्कों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के रोकने से पहले ही वह बुरी तरह घायल हो चुकी थीं। घटना 21 अक्टूबर की दोपहर की बताई जा रही है। खेत में काम कर रहे ग्रामीण सुलेंद्र राम ने झगड़े की आवाज सुनकर जब घर पहुंचा तो गांव की एक लड़की ने बताया कि सुंदर साय अपनी मां को जान से मारने की धमकी देते हुए पीट रहा है। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल महिला को तत्काल शासकीय अस्पताल सन्ना ले जाया गया। डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जशपुर जिला अस्पताल और फिर डीकेएस अस्पताल रायपुर रेफर किया। हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें अंबिकापुर वापस ला रहे थे कि रास्ते में ही 1 नवम्बर को उनकी मौत हो गई।

### आरोपी ने स्वीकार किया अपराध

थाना प्रभारी उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में आरक्षक अंबुज सिंह, प्रवीण खलखो और बिंदेश्वर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# जिला स्तरीय जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव आज

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा करमा महोत्सव के स्थान पर उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। उक्त महोत्सव के सुचारू एवं सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत 3 नवंबर तक को ग्राम पंचायत स्तर पर, 4 नवम्बर तक विकासखण्ड स्तर एवं 5 नवंबर को जिला स्तर पर उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाना है। पंचायत एवं विकासखण्ड स्तर पर लोक नृत्य महोत्सव आयोजित कर प्रति विकासखण्ड 2 लोक नृत्य दल का चयन कर जिला स्तर में भेजना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 नवंबर को रणजीता स्टेडियम में जिला स्तरीय जनजाति लोक नृत्य महोत्सव 2025 मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को शामिल होने का आग्रह किया गया है।

# समग्र विकास पर डीएम का उद्योगपतियों से विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री आरसीसीआई की ओर से सोमवार को जिलाधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. शुभंकर महापात्र के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन चैंबर भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष ने की। मंच पर उनके साथ महासचिव शुभम कपूर, वित्त सचिव तथा प्रशासन एवं जनसंपर्क सचिव उपस्थित थे।

अपने स्वागत भाषण में श्री मंडल ने कलेक्टर महापात्र का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए शहर के औद्योगिक एवं वाणिज्यिक विकास, साथ ही शहरी अवसंरचना से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मुख्य बाजार क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण, जैसे डेली मार्केट, महताब रोड और पावर हाउस रोड, पर चिंता जताते हुए वेंडिंग जोन के निर्धारण और पार्किंग स्थलों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। सदस्यों ने बार.बार बिजली गुल होने, वोल्टेज उतार चढ़ाव और अनियोजित मेंटेनेंस से हो रही परेशानी को भी प्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया। उन्होंने विद्युत विभाग और टीपीडब्ल्यूओडीएल से बिना कटौती के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। जवाब में डॉ. शुभंकर महापात्र ने कहा कि प्रशासन स्वच्छता, यातायात प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं के सुधार पर गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के सतत विकास के लिए जन सहयोग और औद्योगिक सहभागिता जरूरी है। उन्होंने पार्किंग स्थल निर्माण, सौंदर्यीकरण और अवसंरचना सुधार को प्राथमिकता में बताया तथा आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन नगर निगम और विकास प्राधिकरण के साथ मिलकर इन मुद्दों का जल्द समाधान करेगा। बैठक में राउरकेला एयरपोर्ट पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने बताया कि हवाई संपर्क बढ़ने से उद्योग, व्यापार और पर्यटन को बल मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि हवाई अड्डे का कार्य शीघ्र आरंभ होगा और प्रशासन इसकी प्रगति पर लगातार निगरानी रखेगा। पूर्व अध्यक्ष सुब्रत पटनायक ने भी संबोधित करते हुए डॉ. महापात्र के सहयोगात्मक रुख की सराहना की।




### अरदास कर गाए गए भजन, समाज के लोगों ने टेका मत्था

# प्रकाश पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा, जगमगाया गुरूद्वारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

सिख समाज के प्रथम गुरु गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। गुरुद्वारे को आकर्षक ढंग से साज-सज्जा कर सजाया गया था।

जगमग रौशनी के बीच शहर में गुरुनानक देव की छायाचित्र लगाई गई। साथ ही तीनों मार्गों में स्वागत द्वार बनाए गए थे। शहर के बस स्टैंड के सामने गुरुनानक देव की फोटो को आकर्षक रूप से सजाया गया था। वहीं जिले भर के गुरुद्वारों में श्रद्धालु अरदास कर मत्था टेक कर गुरूनानक दे०से गुरुद्वारों में कथा, कीर्तन किए जा रहे थे। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किए। शोभायात्रा की अगुवाई करती महिलाएं एवं बच्चियों ने झाड़ू के साथ सड़क को साफ किया। जिससे होकर पंज प्यारे और श्री गुरु ग्रंथ साहिब की फूलों से सजी पालकी चलती रही। नगर कीर्तन में गतका पार्टियां, शब्दी जत्थे, महिलाएं सहित बच्चे सभी इस झांकी में शामिल हुए। सबसे पहले जशपुर मार्ग, रायगढ़ रोड एवं अंबिकापुर रोड में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला ,पुरुष, बच्चे आकर्षक वेशभूषा में शामिल हुए।





### सभी के लिए हो सेवा का भाव : भाटिया

पत्थलगांव गुरु सिंग सभा के रविन्द्र सिंह भाटिया ने कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षा रही है कि सेवा से जीवन में सार्थकता आती है। मानव के जीवन में सभी के लिए सेवा का भाव होना बेहद जरूरी है। इसी संदेश को हम सभी को जीवन में जीवित रखने का संकल्प लेना चाहिए। नगर को रंगीन रोशनी एवं स्वागत द्वारों से सजाया गया था। जगह-जगह स्वागत द्वार लगाए गए थे।

### भोजपुरी समाज ने कराया जलपान

जशपुर रोड में भोजपुरी समाज ने आपसी भाईचारे की मिसाल कायम करते हुए शोभायात्रा में चल रहे लोगों को जलपान करा उनका स्वागत किया।



# तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी 25 दिसंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' इस साल खास त्योहार पर रिलीज होगी। अनन्या पांडे और कार्तिक आर्यन इस त्योहारी सीजन में खुशियां बिखेरने के लिए एक साथ आ रहे हैं। समीर विदवान्स के निर्देशन और धर्मा प्रोडक्शंस के सहयोग से बनी रोमांटिक फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। सोमवार को कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का एक पोस्टर शेयर किया। जिसमें अनन्या और कार्तिक दोनों एक साथ बेहद खुश नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'मैं फिर आ रहा हूं। इस बार क्रिसमस 25 दिसंबर तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी।

## लाइफ Style

# अनुपर्णा



## सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज ने जिंदगी में लाया बदलाव

मशहूर फिल्म निर्माता अनुपर्णा रॉय को हाल ही में 82वें वेनिस फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। इसके बाद उन्हें काफी प्रशंसा मिली। अब अनुपर्णा ने अपनी इस जीत के अनुभवों को साझा किया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनुपर्णा ने अपनी ऐतिहासिक जीत को अपने जीवन का एक लाइफ चेंजिंग मूमेंट बताया। एक बातचीत में अनुपर्णा ने अपने प्रति इंडस्ट्री में आए बदलाव को लेकर बात की। इसके बाद उनके जीवन में बदलाव आया और उन्हें स्वतंत्र फिल्म मेकर के रूप में ज्यादा अवसर मिलने लगे। अपनी जीत के अनुभवों को साझा करते हुए निर्देशक ने बताया कि मैं इसका पूरा आनंद ले रही हूं। एक स्वतंत्र फिल्म निर्माता के रूप में इसने मुझे जो अनुभव दिया, वह अद्भुत था, क्योंकि अब निर्माता मेरे लिए बहुत सुलभ हैं और मैं भी उनके लिए सुलभ हूं। मैं उन्हें अपना अगला प्रोजेक्ट बता सकती हूं। एक फिल्म निर्माता के रूप में आपको और क्या चाहिए। जब आपको अपना अगला प्रोजेक्ट बताने का मौका मिलता है और वो भी जीत की वजह से या अपनी पहली फिल्म की वजह से आपको एक और फिल्म करने का मौका मिलता है, तो यह सबसे बड़ी खुशी की बात होती है। निर्देशक ने अपनी स्वतंत्र फिल्म के निर्माण के दौरान आने वाली शुरुआती चुनौतियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, जब मैंने यह प्रोजेक्ट शुरू किया, तो मैंने कभी निर्माताओं के बारे में नहीं सोचा, मैंने कभी किसी चीज के बारे में नहीं सोचा।

## हॉलीवुड मसाला



# जिम से किया प्यार का इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 56 वर्षीय हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन ने इंस्टाग्राम पर जिम कर्टिस के साथ अपने रिश्ते पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। अभिनेत्री ने एक रोमांटिक तस्वीर साझा की है, जिससे चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है। नेटिजंस ने कहना है कि उन्होंने सगाई कर ली है। अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन ने हिप्नोथेरेपिस्ट जिम कर्टिस को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए अपनी एक ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर शेयर की है। इसमें वह जिम को पीछे से गले लगा रही हैं।




# गायिका ब्रिटनी ने डिलीट किया इंस्टाग्राम अकाउंट

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पर कई क्रिप्टिक और इमोशनल पोस्ट साझा किया था। अब अचानक उनके इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट होने पर उनके प्रशंसकों में चिंता की लहर दौड़ गई है। अमेरिकन गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स का अकाउंट रविवार यानी 2 नवंबर को डिलीट हो गया। ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने पूर्व पति केविन फेडरलाइन की याद में कई चिंताजनक पोस्ट साझा किया था। बीते कुछ दिनों पहले सिंगर ने एक डांस करने वाला वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने अपने बच्चों जेडन जेम्स और सीन प्रेस्टन को टैग करते हुए कैप्शन भी लिखा था। हालांकि, इस पोस्ट के कमेंट्स उन्होंने बंद कर दिए थे, जिसने नेटिजंस को हैरान किया। इसके अलावा 7 अक्टूबर को गायिका ने सोशल मीडिया पर एक और वीडियो शेयर किया।



# 'तेरे इश्क में' का नया गाना रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद 'तेरे इश्क में' का नया गाना 'उसे कहना' सोमवार रिलीज हो चुका है। इस गाने में धनुष और कृति सेनन के रिश्ते की गहराई को दिखाया गया है।कृति सेनन और धनुष ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'तेरे इश्क में' का नया गाना 'उसे कहना' लगाया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'उसे केहना जो आंखें बोल गई, पर दिल नहीं कह सका.. रिलीज हो चुका है। इस साल 28 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' इस गाने की शुरुआत धनुष के सवाल से होती है कि क्या कृति कभी उनसे प्यार करती थी और कृति भावुक होकर रो पड़ती है। इस फिल्म में धनुष ने शंकर नाम के आशिक का किरदार निभाया है और कृति ने मुक्ति का रोल अदा किया है। 'उसे कहना' गाने को नितेश अहेर और जोनिता गांधी ने गाया है।



# हाथ में गुदवाया है स्मृति का टैटू

**मुंबई।** बीते रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे विश्वकप जीतकर इतिहास रच दिया। इसके बाद से देश में चारों तरफ जश्न का माहौल है। इसी दौरान पलाश मुच्छल ने कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिसमें वो क्रिकेटर स्मृति मंधाना के साथ भारत की जीत को सेलिब्रेट कर रहे हैं। हालांकि, पलाश के हाथ पर स्मृति के नाम के टैटू ने नेटिजंस का ध्यान खींचा। हर कोई जानना चाह रहा है कि कौन हैं पलाश, जो अपनी शादी को लेकर भी चर्चा में हैं। पलाश मुच्छल बॉलीवुड इंडस्ट्री के युवा संगीतकारों में शामिल हैं। पलाश संगीत निर्देशक भी हैं। इसके अलावा वह प्रसिद्ध गायिका और समाजसेवी पलक मुच्छल के भाई भी हैं। पलाश ने अपने कॅरियर की शुरुआत 2014 में शिल्पा शेट्टी की फिल्म 'ढिशकियाऊं' से बतौर संगीतकार के रूप में शुरू किया था।

## टीवी मसाला



# महाभारत- एक धर्मयुद्ध की एआई ने डुबोई लुटिया

**नई दिल्ली।** इन दिनों जियो हॉटस्टार पर माइथोलॉजिकल शो 'महाभारत- एक धर्मयुद्ध' का ऑडियंस में जदबरदस्त क्रेज नजर आ रहा है। जहां बीआर चोपड़ा के महाभारत की झलकियां आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं, वहीं अब एआई के सहारे इस माइथोलॉजिकल कहानी को नए जेनरेशन के लिए कुछ इस तरह से तैयार किया गया है कि वो उससे कनेक्ट हो सकें। एआई से तैयार किए गए इस शो के रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाए गए शो में कुछ ऐसा दिख गया है जो लोगों को हजम नहीं हो पा रहा। 'रामायण' और 'महाभारत' के काल को दिखाने वाले इस शो में हस्तिनापुर का एक सीन दिखाया गया है। यहां पर कहानी भीष्म के जन्म पर बेस्ड दिखाई गई है। इस शो का पहला एपिसोड 25 अक्टूबर को स्ट्रीम हुआ है। इस सीन में दिखाया जाता है कि कैसे मां गंगा अपने नवजात बच्चे के साथ हस्तिनापुर के महल के कमरे में हैं। इसी दौरान लोगों की नजरें बेड के किनारे मॉडर्न फर्नीचर दिख रहा है। बेड के किनारे रखी साइड टेबल पर लोगों की निगाहें पड़ी हैं, जिसमें ड्रॉअर्स भी बने हैं। बेड के ऊपर रखा तकिया भी नए दौर का नजर आ रहा है। एक ने कहा- हस्तिनापुर में मॉडर्न फर्नीचर होता था क्या? हालांकि, एआई के सहारे उस सदी के इंटीरियर से कमरे के लुक को मैच करने की पूरी कोशिश की गई लेकिन इस एक चूक से लोगों के बीच जमकर मजाक हो रहा है। अब इसी सीन के स्क्रीनशॉट लेकर सोशल मीडिया पर इसे खूब शेयर किया जा रहा है। लोगों ने कॉमेंट्स भी किए हैं।

## बिग बॉस के घर में बहने लगी है हवा उल्टी

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर के अंदर हवा और मिजाज इस वक्त बदल गया है। दिन-रात अमल के गुन गाने वालीं तान्या ने भी अब अमल को भाई जैसा कह दिया है जिसपर फरहाना ने उनकी क्लास लगा दी है।



फरहाना ने कहा- मुझे नहीं लगता कि कल से पहले तक तू अमाल को भाई मानती थी। वो कहती हैं- इतना किसी के पीछे नहीं मरते, अलग ही इंसान बन जाती है तू अमाल के सामने। 'बिग बॉस 19' के घर में हवा उल्टी बहने लगी है, मिजाज बदले-बदले दिख रहे हैं और लोगों पर चढ़ा रंग भी अब उतरने लगा है। 'बिग बॉस' को मोस्ट कॉन्ट्रोवर्शल रिएलिटी शो ऐसे ही नहीं कहा जाता। इस शो में अच्छे-अच्छों के तेवर बदले हैं। फिलहाल जो पहले दिन से तान्या मित्तल का जो अंदाज दिख रहा था, वो अब बदला-बदला सा दिख रहा है। अमल मलिक की गलतियों पर आंखें बंद करने वालीं, उनके गुस्से पर प्यार और केयर जताने वालीं तान्या को अमल ने जब से बहन कहा, उनका रुख ही बदल गया है।

# आईएफएफआई 2025 में पहली बार आयोजित होगा एआई फिल्म फेस्टिवल

**मुंबई।** नवंबर की 20 से 28 तारीख तक गोवा में 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' का आयोजन होने वाला है। इस प्रोग्राम में भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फिल्म फेस्टिवल और हैकथॉन का आयोजन किया जाएगा। यह प्रोग्राम सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत किया जाएगा।

***कार्यक्रम में कई लोगों को साथ लाया जाएगा :*** कार्यक्रम को करने का मकसद यह पता करना है कि एआई किस तरह से फिल्ममेकिंग और कहानी कहने के तरीके में बदलाव ला सकता है। इसके जरिए फिल्म निर्माताओं, रचनाकारों और तकनीकी जानकारों को साथ लाया जाएगा और एआई के उपकरणों पर विचार किया जाएगा।

### कार्यक्रम का मकसद रचनात्मकता को बढ़ाना है




महोत्सव के निदेशक शेखर कपूर जो एआई फिल्म फेस्टिवल से जुड़े हैं, ने कहा कि कार्यक्रम का मकसद टेक्नोलॉजी के जरिए रचनात्मकता को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा 'सिनेमा ने अक्सर इंसानी सोच की ताकत को दिखाया है। आज एआई हमें एक ऐसी ताकत दे रहा है जिसके जरिए हम सपने देख सकते हैं और उन्हें प्रदर्शित कर सकते हैं। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इसका मंच होगा।'

### एआई के इस्तेमाल पर होगी बात

एआई फिल्म फेस्टिवल में एआई से बनाई गई अलग-अलग शैलियों की फिल्में शामिल होंगी। इसमें फिक्शन, डॉक्यूमेंट्री और एनिमेशन फिल्में प्रदर्शित होंगी। डेवलपर और कहानीकारों के लिए एआई-आधारित फिल्म बनाने के लिए 48 घंटे का एक हैकथॉन भी आयोजित किया जाएगा। वर्कशॉप में इस बात पर ध्यान दिया जाएगा कि फिल्म बनाने में एआई का कैसे इस्तेमाल किया जाए और कहानी कहने के तरीके में क्या तकनीक इस्तेमाल की जाए।

# एक दीवाने की दिवानियत का सौ करोड़ पार

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पोस्ट साझा करते हुए बताया कि उनकी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'ने 100 करोड़ का वर्ल्डवाइड ग्रास कलेक्शन कर लिया है। इस बात से वह काफी खुश हैं, क्योंकि यह उनके कॅरियर की सबसे सफल फिल्म बन चुकी है। इंस्टाग्राम पोस्ट पर हर्षवर्धन ने कैप्शन लिखा, 'मिला पूरी दुनिया का प्यार, दीवानों ने किया सौ करोड़ पार।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म का बजट लगभग 30 करोड़ रुपए बताया गया है। वर्ल्डवाइड यह फिल्म ग्रास 101.1 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। इस तरह देखा जाए तो फिल्म ने अपने बजट से तीन गुना ज्यादा कमाई कर ली है। फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'ने 14वें दिन यानी सोमवार को 42 लाख रुपए की कमाई की है। फिल्म ने रविवार को 3.48 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। कुल कमाई की बात करें तो फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 64.55 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। दो हफ्ते में आकर हर्षवर्धन की फिल्म ने यह कमाई की है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' एक जुनूनी आशिक की कहानी है। फिल्म में हर्षवर्धन राणे ने विक्रमादित्य नाम के एक आर्टिस्ट का रोल किया है। जो अदा (सोनम बाजवा) नाम की लड़की के प्यार में डूब जाता है।




## महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, ना कि उन्हें नीचा दिखाना चाहिए

# थप्पड़ से लेकर मिसेज तक, इन फिल्मों ने दी घरेलू नायिकाओं को आवाज

***मुंबई।*** गृहिणी, जिसे आसान शब्दों में कहें तो घर की सबसे जिम्मेदार महिला कहते हैं। अक्सर उन्हें घर के हर छोटे-बड़े काम को सहजता से करते और परिवार की धड़कन की रूप में देखा जाता है। वे हमारे जीवन का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। कई बॉलीवुड फिल्मों में उनके कहानी दिखाई गई है।

**मिसेज :** आरती कदव के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिसेज' में सान्या मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में दिखाया जाता है कि किस प्रकार एक महिला अपने परिवार की जिम्मेदारियों में फंसकर अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती। साथ ही पुरुष समाज की खराब मानसिकता को भी दर्शाया गया है। यह फिल्म संदेश देती है कि एक महिला (गृहिणी) को घरों में सम्मान मिलना चाहिए और उनके सपनों की भी इज्जत होनी चाहिए।

**थप्पड़ :** साल 2020 में अनुभव सिन्हा के निर्देशन में फिल्म 'थप्पड़' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जो पढ़ी-लिखी होती है। वह ऑफिस में काम करने के बजाए घर में काम करना चुनती है। हालांकि एक दिन जब उसका पति किसी कार्यक्रम में उसको थप्पड़ मार देता है, तब कहानी बदल जाती है। फिल्म में तापसी पन्नू ने बहुत अच्छा किरदार निभाया है। यह फिल्म बताती है कि महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, ना कि उन्हें नीचा दिखाना चाहिए।





**इंग्लिश विंग्लिश :** गौरी शिंदे के निर्देशन में साल 2012 में फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश'रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी शशि नाम की महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अंग्रेजी नहीं जानती और अपने परिवार और समाज द्वारा उसे इस बात को लेकर असुरक्षित महसूस कराया जाता है। इसके बाद वह अंग्रेजी सीखने का प्रयास करती है। फिल्म में श्रीदेवी मुख्य भूमिका में थीं।

***बीवी नंबर वन :*** *डेविड धवन के निर्देशन में साल 1999 में फिल्म 'बीवी नंबर 1' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी प्रेम नाम के किरदार के आस-पास घूमती है, जो एक शादीशुदा आदमी है। हालांकि, उसे एक दूसरी लड़की से प्रेम हो जाता है। फिल्म में प्रेम की पत्नी ने एक संस्कारी गृहिणी का भूमिका निभाई है। फिल्म 'बीवी नंबर वन' में सलमान खान, अनिल कपूर, करिश्मा कपूर और सुष्मिता सेन अहम भूमिकाओं में हैं।*

***तुम्हारी सुलु :*** *सुरेश त्रिवेदी के निर्देशन में साल 2017 में फिल्म 'तुम्हारी सुलु'रिलीज हुई थी। विद्या बालन अभिनीत यह फिल्म एक घरेलू महिला की कहानी है, जो रेडियो जॉकी बनकर अपनी जिंदगी की एक अलग मिसाल पेश करती है। फिल्म में विद्या के साथ मानव कौल नजर आए थे।*

## खबर संक्षेप

### 42 वां स्थान प्राप्त कर गौरव बने सीए



**खरसिया।** नगर के मेधावी छात्र गौरव अग्रवाल ने सीए की परीक्षा में पूरे भारत मे 42 वां स्थान प्राप्त कर नगर का मान बढ़ाया है। खरसिया के मुकेश अग्रवाल के पुत्र गौरव अग्रवाल प्रारम्भ से ही मेधावी छात्र रहे हैं। गौरव की प्रारंभिक शिक्षा अमलडीहा, शंकराचार्य स्कूल तथा छाल के डीएवी स्कूल में हुई है। गौरव अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में 42 वां स्थान प्राप्त कर पूरे खरसिया नगर को गौरान्वित किया है। गौरतलब है कि गौरव ने अपने प्रथम प्रयास में ही यह सफलता प्राप्त की है।

### पुसौर तहसील में निस्तार सुविधा का अभाव

**पुसौर।** पुसौर तहसील कार्यालय में क्षेत्र के 140 ग्रामों के लोग अपने अपने काम से आते हैं। जिसमें कम से 30 प्रतिशत महिलाएं होते हैं जिन्हें आए दिन निस्तार को लेकर तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक तहसील कार्यालय में एक महिला एवं एक पुरूष शौचालय है जो केवल कार्यालयीन कर्मचारियों के लिए होता है। यहां आने वाली महिलाओं को इसके लिए भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। यह परेशानी पिछले कई सालों से हैं। इस दिशा में क्षेत्र के किसी भी जनप्रतिनिधि एवं कार्यालय प्रमुख द्वारा पहल नहीं की जा रही है। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### उजड़े जंगल को फिर से हरा भरा करने की पहल

**राउरकेला।** जिले के दुर्गम गाँव अड़ाल के युवक रमेश चंद्र मुंडा पर्यावरण योद्धा के रूप में पहचाने जाते हैं। 2023 में जब उन्होंने वर्षों बाद अपने गाँव के पास स्थित बैतासंधा नण्ढा पहाड़ को देखा, तो उजड़े जंगल और सूखी जलधाराओं ने उन्हें गहराई से झकझोर दिया। कभी यह पहाड़ घने साल के पेड़ों और वन्यजीवों से भरा था, जहाँ से गाँव की खेती के लिए जलधाराएँ बहती थीं और लोग लघु वनोपज से अपनी आजीविका चलाते थे। खननकर्ताओं और लकड़ी माफियाओं की लूट से यह प्राकृतिक संपदा उजड़ गई थी। तब रमेश ने संकल्प लिया कि वे इस जंगल को फिर से जीवित करेंगे। अपने साथियों करुवार मुंडा, नाक मुंडा, विक्रम मुंडा और मुकुंद मुंडा के सहयोग से उन्होंने वृक्षारोपण का अभियान शुरू किया। धीरे धीरे गाँववासी भी जुड़ते गए और एक ग्राम समिति का गठन हुआ। रमेश और उनकी समिति ने स्थानीय वन विभाग के सहयोग से नण्ढा पहाड़ और उसके आसपास के क्षेत्र में केंदू, कटहल, हरड़ा, बहेड़ा, आँवला, करंज, अर्जुन और नीम जैसे पेड़ों का रोपण किया। आज यह इलाका फिर से हरियाली से भर गया है।

## निधन...

### जयराम पंडा

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के



कांदागढ़ पंचायत में सरपंच रहे जयराम पंडा का हृदयघात से निधन हो गया। उनके निधन से ब्लॉक लोगों में शोक की लहर है।

---

राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती के अवसर पर बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

# स्कूली छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति, लोकनृत्य, नाट्य ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन विविधतापूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समूचे परिसर को लोक संस्कृति और उत्साह के रंगों से भर दिया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, नाट्य और संगीत कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत घरघोड़ा के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक आदिवासी नृत्य से हुई, जिसने राज्य की लोकपरंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया। इसके बाद विद्या विकास कॉन्सेप्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने वैदिक नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक झलक पेश की। ओपी जिंदल स्कूल सावित्री नगर के विद्यार्थियों ने मिशन सिंधु पर आधारित नाटिका के जरिए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। चक्रधर बाल सदन के बच्चों ने रामायण थीम पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी, जबकि कन्या





रजत जयंती के अवसर पर स्कूली बच्चों की प्रस्तुति।

परिसर धरमजयगढ़ के विद्यार्थियों ने जोश से भरे छत्तीसगढ़ी करमा नृत्य से समूचे पंडाल को थिरकने पर मजबूर कर दिया। ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली के छात्रों ने भांगड़ा नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति दी, वहीं आदिवासी बालिका आश्रम गोढ़ी की छात्राओं ने शानदार बस्तरिया नृत्य प्रस्तुत किया।

सेंट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने संबलपुरी नृत्य, संस्कार पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लोक नृत्य, तब्बू परवीन एकेडमी के कलाकारों ने कथक नृत्य और वेदिक इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब सराहना बटोरी। इस दौरान रॉकस्टार विजय सिंह ने सुगम संगीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर समारोह का माहौल सुरमयी बना दिया। पूरे कार्यक्रम स्थल पर छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, कला और परंपरा का अनुपम संगम देखने को मिला। दर्शक दीर्घा में बैठे लोग झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए आकर्षक प्रदर्शनी स्टालों का भी अवलोकन किया। इन स्टालों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं नवाचारों को आकर्षक और जानकारीपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यह प्रदर्शनी 4 नवम्बर तक राज्योत्सव स्थल पर आमजनों के लिए खुली रहेगी।

---



## मां चंद्रहासिनी के दरबार में नवपदस्थ एसपी ने टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

सक्ती जिले के नव पदस्थ एसपी प्रफुल कुमार ठाकुर ने औपचारिक रूप से अपना पदभार संभालने के बाद चंद्रपुर के प्रसिद्ध मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर में पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर जिले में शांति, सुरक्षा और समृद्धि की कामना की।

■ एसपी प्रफुल ठाकुर का पहला दौरा धार्मिक आस्था से हुआ शुरू

इस अवसर पर एएसपी हरीश यादव, थाना प्रभारी गगन बाजपेई सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। मंदिर पहुंचने पर प्रबंधन द्वारा एसपी ठाकुर का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। मां चंद्रहासिनी के दर्शन के उपरांत एसपी प्रफुल ठाकुर ने थाना चंद्रपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ.सफाईए अभिलेखों के संधारण और पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और जवानों को आम जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने तथा अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एसपी ठाकुर ने कहा कि वे जिले की कानून व्यवस्था, सुरक्षा और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे और नागरिकों के सहयोग से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है ताकि क्षेत्र में विश्वास और सुरक्षा का माहौल बने। एसपी प्रफुल ठाकुर का यह पहला दौरा जिले में धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव को दर्शाता है। उनके इस कदम को क्षेत्रवासियों ने एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा है, जिससे लोगों में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार हुआ है।

---

## चंद्रपुर नगर पंचायत में किया गया सामूहिक एकादशी उद्यापन

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर के अग्रसेन भवन में सामूहिक एकादशी उद्यापन का आयोजन किया गया। यह धार्मिक आयोजन एक नवंबर, से प्रारंभ होकर आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष सम्मिलित हुए।

■ कलश यात्रा, चार प्रहर पूजन, तुलसी विवाह और भजन संध्या में दिखा दिव्यता का माहौल



कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः अग्रसेन भवन पहुंची, जहां विधिवत उद्यापन पूजन की शुरुआत हुई। इसके पश्चात चार प्रहर पूजा का शुभारंभ हुआ, जिसमें दिनभर मंत्रोच्चारण, हवन, आरती और भजन के मधुर स्वर गूंजते रहे। रात्रि में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें तुलसी माता की बारात बड़ी धूमधाम से निकली। बारात के साथ भजन कीर्तन, नाच गान और दीप प्रज्वलन से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। रात भर जागरण एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरी रात भक्ति रस में लीन होकर प्रभु नाम संकीर्तन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर शस्त्र धारा, गौदान, ब्राह्मण ब्राह्मणी तर्पण और भजन भोजन का आयोजन हुआ। इस पावन अनुष्ठान का संचालन भीखमपूरा के मुख्य आचार्य पंडित नवसागर पाणिग्रही, पंडित ओमप्रकाश पाणिग्रही एवं चंद्रपुर सीताराम मंदिर के आचार्य लक्ष्मीचरण षड़ंगी व रोशन षड़ंगी द्वारा विधिवत कराया गया। इस सामूहिक एकादशी उद्यापन में 32 यजमानों ने भाग लिया। इसमें तुलसी मानस मंच चंद्रपुर के सोनू यादव एवं सविता यादव प्रमुख यजमान के रूप में सम्मिलित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नगर के श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। अग्रसेन भवन परिसर भक्तिमय वातावरण से आलोकित हो उठाए जहां धर्म, सेवा और समर्पण का अनुपम संगम देखने को मिला।

---

### दुष्कर्म में विफल युवक ने घर में लगाई आग

**सुंदरगढ़।** जिले के तलसरा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास विफल होने पर आरोपी ने पीड़िता के परिवार को धमकाते हुए घर में आग लगाने की कोशिश की। घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। रविवार की रात लगभग 12 बजे पहाड़ी चिता गैंग का पूर्व सदस्य मुकेश सिंह गांव की एक नाबालिग के घर में घुसा और उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। साहसी नाबालिग ने प्रतिरोध करते हुए उसे आंगन से खदेड़ दिया और शोर मचाया। आवाज सुनकर उसके दिव्यांग माता पिता जाग गए, तब आरोपी मौके से फरार हो गया। अगले दिन जब परिवार ने तलसरा थाने में शिकायत दर्ज कराई, तो मुकेश ने उन्हें जान से मारने और घर जलाने की धमकी दी। उसी रात उसने धमकी को अंजाम देने की कोशिश की और पीड़िता के घर में आग लगाने का प्रयास किया। सौभाग्य से ग्रामीणों की तत्परता से आग बुझा ली गई, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

---

## विजयपुर तालाब में साफ-सफाई कर महापौर ने दिया स्वच्छता का संदेश

**रायगढ़।** रजत जयंती विशेष स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के तहत मंगलवार को वार्ड क्रमांक 47 स्थित विजयपुर तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। वार्डवासियों महापौर जीवर्धन चौहान आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, एमआईसी सदस्यगण, स्वच्छता कर्मियों और नगर निगम टीम की संयुक्त पहल से तालाब परिसर में जमा प्लास्टिक, कचरा व जलकुंभी को हटाते हुए सफाई की गई।



महापौर श्री चौहान ने अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने और तालाब व सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने का संदेश भी दिया। कमिश्नर श्री क्षत्रिय कहा कि रायगढ़ को स्वच्छ, सुग्घर एवं आरुग रायगढ़ बनाने के लिए सभी शहरवासियों को दृढ़ संकल्पित होना पड़ेगा। शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखना सभी शहरवासियों का कर्तव्य एवं जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें शहर के तालाब, बस स्टैंड, चौक चौराहे आदि सार्वजनिक स्थान को स्वच्छ रखने एक निश्चित समय निकालना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सभी शहरवासियों से निगम स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए सूखा एवं गीला कचरा को अलग अलग रखने दो डस्टबिन का उपयोग करने, कचरा कहीं पर भी नहीं फेंकने, निगम के स्वच्छता वाहनों एवं स्वच्छता दीदियों को ही सूखा एवं गीला कचरा अलग अलग देने और तालाब एवं नदी में पूजन सामग्री के अवशेष को विसर्जित नहीं करने, कचरा नहीं फेंकने की बात कही। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ती है और पर्यावरण संरक्षण को सहयोग मिलता है। अभियान में एम आई सी सदस्य मुक्तिनाथ बबुआ, श्रीमती त्रिवेणी डहारे, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पदुमलाल परजा, केशव जायसवाल, महेश शुक्ला उपायुक्त सुतिक्षण यादव, स्वास्थ अधिकारी, सहायक स्वास्थ अधिकारी, सफाई दरोगा, वार्ड सुपरवाइजर, स्वच्छता सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

---

## पुसौर जनपद में एसआईआर के लिए हुई कार्यशाला

**पुसौर।** पुसौर में एसआईआर के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एडीएम प्रियंका वर्मा, नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा व प्रतीक देवांगन के नेतृत्व में पुसौर तहसील के बीएलओ, अविहित अधिकारी व निर्वाचन से जुडे लोग शामिल हुए। एसआईआर, स्पेशल इंटेशिव रिविजन, मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य इन दिनों समूचे राष्ट्र में होने जा रहा है जिसमें क्रमशः प्रत्येक प्रदेश में स्थानीय सरकार इसे क्रियान्वित कर रहे हैं।



इसी कड़ी में पुसौर तहसील क्षेत्रांतर्गत इसके गहन पुनरीक्षण के लिए क्षेत्र के समूचे बीएलओ, अविहित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के बीएल को इसमें शामिल किए गए हैं। तहसीलदार पंकज मिश्रा ने बताया कि पुसौर जनपद में आयोजित उक्त कार्यक्रम एडीएम प्रियंका वर्मा के आने के बाद से प्रारंभ हुई जिसमें क्षेत्र के बीएलओ को मतदाता पुनरीक्षण सबंधी दस्तावेज मुहैया कराए गए जिसमें वे डोर टू डोर जाकर पूरा करेंगे। इसके लिए समय सीमा भी तय की गई है। इसी कड़ी में इन्होंने बताया कि उक्त कार्य में राजनीतिक पार्टियों के एजेन्टों को भी शामिल करने की अनुमति दी गई है। मतदाताओं के संबंध में उचित जानकारी दी।

---

## सेजेस सरसीवां के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति, मिली वाहवाही

**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस खेलभाटा मैदान में विभिन्न स्टालों के साथ विभाग की झांकिया लगाई गई है। इसके साथ ही विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया।

जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें सरसीवा से पीएमश्री सेजेस स्कूल की प्रस्तुती ने दर्शकों का मन मोह लिया। सेजेस सरसीवा कन्या स्कूल सरसीवा, सेजेस पवनी, सेजेस बिलाईगढ़, सेजेस भटगाव, लोटस पब्लिक स्कूल, कन्या स्कूल एवं अन्य लगभग 15 विद्यालय शामिल रहे। सेजेस सरसीवा के बच्चों ने



उमंग और पूरे उत्साह के साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ की पारम्परिक वेश भूषा के साथ छत्तीसगढ़ी लोक गीत में थिरकते नजर आए जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर द्वारा प्रतिभागी बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं प्रस्तिथि पत्र प्रदान किया कलेक्टर से पुरस्कार पाने के बाद बच्चों में एक अलग ही उत्साह जग गया। बच्चों की इस मनमोहक प्रस्तुति को तैयार करने मे विद्यालय प्रचार्य के निर्देश में रजनी, श्री भोय, आरती एवं प्रफुल एवं समस्त स्टॉफ का योगदान रहा।

---

## इंस्टाग्राम पर नौकरी का झांसा देकर की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**सुंदरगढ़।** धरुआडिही पुलिस ने एक अंतरजिला साइबर ठग को गिरफ्तार कर सोमवार शाम कोर्ट में पेश किया। आरोपी की पहचान संबलपुर जिले के गोविंदपुर थाना अंतर्गत बड़ा झरियापाली निवासी तुलाराम साहू के रूप में हुई है। धरुआडिही की बेबी पटेल नामक महिला ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।



■ धरुआडिही पुलिस ने साइबर ठग को किया गिरफ्तार

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को धारा 319(2)318(4) बी एन एस तथा धारा 66(सी)66 डी आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि तुलाराम इंस्टाग्राम के माध्यम से महिलाओं और युवतियों से संपर्क कर उन्हें तहसील अस्पताल जैसी संस्थाओं में नौकरी दिलाने का लालच देकर ठगी करता था। पुलिस ने उसके पास से तीन मोबाइल फोन, सात एटीएम कार्ड और कई बैंक पासबुक जब्त की हैं। धरुआडिही थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके ठगी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

---

इस्पात संयंत्रों का स्थल निरीक्षण किया जा रहा है

# जिंदल का एकीकृत इस्पात संयंत्र के रूप में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत जॉइंट प्लांट कमेटी द्वारा इस्पात क्षेत्र में सुरक्षा संसाधनों की समीक्षा एवं उपयुक्त सुधारात्मक उपायों सहित एक संस्थागत तंत्र विकसित करने के उद्देश्य से एक व्यापक अध्ययन शुरू किया गया है। इस अध्ययन का लक्ष्य इस्पात उद्योग में सुरक्षा से जुड़ी नीतियों, नियमों, क्षमता निर्माण, जागरूकता और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस सिफारिशें प्रस्तुत करना है।

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अध्ययन के लिए मे. ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी को रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्ययन के



अंतर्गत देशभर के चुनिंदा बड़े एकीकृत इस्पात संयंत्रों का स्थल निरीक्षण किया जा रहा है। जिंदल स्टील रायगढ़ को इस परियोजना के तहत मॉडल वृहद एकीकृत इस्पात संयंत्र के रूप में चयनित किया गया है। यह समूचे जिंदल स्टील परिवार के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि देश के कुछ चुनिंदा संयंत्रों में से एक के रूप में रायगढ़ इकाई को इस अध्ययन में शामिल किया गया है। मे. ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी की तीन सदस्यीय टीम, जिसमें संस्था के कार्यकारी निदेशक भी शामिल थे, ने जिंदल स्टील रायगढ़ का दौरा किया। दौरे की शुरुआत कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद से हुई। टीम ने अपने प्रवास के दौरान संचालन, सुरक्षा एवं मानव संसाधन विभागों के साथ विस्तृत चर्चा की और संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दिन व रात्रिकालीन निरीक्षण किया। दौरे के अंत में टीम ने जिंदल स्टील रायगढ़ की कार्य संस्कृति और सुरक्षा के प्रति समर्पण की अत्यधिक सराहना की। इस्पात मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर नीतियां बनाने के लिए किए जा प्रयासों की कड़ी में देश के चुनिंदा संयंत्रों के साथ जिंदल स्टील रायगढ़ का नाम भी शामिल होना सिर्फ रायगढ़ ही नहीं पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

